# 984 नव आरक्षकों की पासिंग आउट परेड, डीजीपी ने ली सलामी

- एक साल के प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद दी गई दीक्षा
- प्रशिक्षण में 788 महिला प्रशिक्षु भी थीं शामिल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में 78वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र की भव्य दीक्षांत परेड आयोजित हुई. मुख्य अतिथि डीजीपी कैलाश मकवाणा ने परेड की सलामी लेकर प्रशिक्षुओं को सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का संदेश दिया.**

15 जून 2025 से शुरू हुए प्रशिक्षण सत्र के समापन पर आयोजित परेड में कुल 984 नव आरक्षकों ने भाग लिया, जिनमें 788 महिला प्रशिक्षु शामिल रहीं. पुलिस अधीक्षक पीटीसी वाहनी सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई. डीजीपी कैलाश मकवाणा ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस की असली ताकत जनता का विश्वास है, जो व्यवहार और संवेदनशीलता से हासिल होता है. उन्होंने साइबर अपराध और नशे के खतरे पर चिंता जताते हुए नव आरक्षकों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीकी रूप से दक्ष बनने की सलाह दी.

साथ ही कहा कि वर्दी अधिकार के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी देती है और समाज पुलिसकर्मी को उसके आचरण से पहचानता है.



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

समारोह में प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया. इस दौरान विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) रवि कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. परेड के बाद प्रशिक्षुओं ने आरोहण कार्यक्रम में टीम भावना और साहस का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक करतब दिखाए, जिसे अतिथियों ने सराहा. कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पूरी प्रशिक्षण टीम की सराहना की गई.

# पत्नी से विवाद के बाद दो युवकों ने लगाई फांसी

- गृह कलह के चलते बुझ गई दो जिंदगियां

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पारिवारिक विवाद के चलते दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. दोनों ही मामलों में घटना से पहले पत्नियों से विवाद की बात सामने आई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

पहली घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र के चंद्रभागा इलाके की है, जहां 32 वर्षीय पीयूष पिता पप्पू ने बीती रात अपने घर में फांसी लगा ली. बताया जा रहा है कि घटना से पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह तनाव में आ गया और यह आत्मघाती कदम उठा लिया. दूसरा मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र के राहुल गांधी नगर का है. यहां 36 वर्षीय विजय पिता रमेश ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना से पहले उसका भी पत्नी से विवाद हुआ था. दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया है. पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा परिजनों के बयान और जांच के बाद ही हो सकेगा. फिलहाल दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# प्रेमी के घर घुसी युवती का हाईवोल्टेज ड्रामा, बुजुर्ग महिला से मारपीट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती ने प्रेमी के घर में घुसकर जमकर हंगामा किया. उसने युवक की बुजुर्ग मां से मारपीट की और खुद को कमरे में बंद कर आत्महत्या की धमकी देने लगी. पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ मामला दर्ज किया है.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि अरावली परिसर भूरी टेकरी निवासी फरियादी पूर्णिमा बिडवान की शिकायत पर आरोपी खुशी उर्फ शाइना खान, निवासी अजमेर (राजस्थान) के खिलाफ केस दर्ज किया है. आरोपी जबरन घर में घुस गई और आते ही घर में उत्पात मचाने लगी. आरोप है कि युवती ने घर में मौजूद बुजुर्ग महिला को कमरे में बंद कर दिया, उनके साथ गाली-गलौज की और मुंह दबाकर मारपीट की. इस दौरान उसने जान से मारने की धमकी भी दी. इसके बाद आरोपी ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और अंदर से चिल्लाते हुए परिवार को धमकाने लगी कि वह मोहनिश को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेगी.

### बात नहीं मानने पर सुसाइड करने की धमकी भी दी

युवती ने चेतावनी दी कि अगर उसकी बात नहीं मानी गई तो वह आत्महत्या कर परिवार को फंसा देगी, घटना से परिवार में दहशत फैल गई. परिजनों ने किसी तरह बुजुर्ग महिला को छुड़ाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी. कनाड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ घर में घुसने, मारपीट, गाली-गलौज, बंधक बनाने का प्रयास और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# रिश्तेदार ने नाबालिग से मांगे अश्लील फोटो और वीडियो

- नहीं भेजने पर परिवार और रिश्तेदारों में बदनाम करने की दी धमकी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गांधीनगर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग को उसके ही रिश्तेदार ने अश्लील फोटो-वीडियो भेजने के लिए ब्लैकमेल किया. धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी. इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ब्रजेश जाधव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. आरोपी रिश्तेदार होने के कारण पहले से परिचित था और बातचीत का फायदा उठाकर उसने नाबालिग पर दबाव बनाना शुरू कर दिया. आरोप है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहा था कि अश्लील फोटो और वीडियो भेजो, नहीं तो परिवार में बदनाम कर दूंगा. इस डर से नाबालिग काफी समय तक सहमी रही. जब आरोपी का दबाव बढ़ा तो पीड़िता ने हिम्मत कर अपनी मां-पिता को पूरी बात बताई. परिजन तुरंत उसे लेकर गांधीनगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

# पुलिस के ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट में एक मनचला रंगे हाथ पकड़ाया

- महिला पुलिस सादी वर्दी में देर रात तक रहीं सक्रिय
- छेड़खानी करने पर मौके से ही की गिरफ्तारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. महिला सुरक्षा को लेकर इंदौर पुलिस का विशेष अभियान जारी है. सराफा थाना और महिला थाने की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट के दौरान राजवाड़ा क्षेत्र में एक मनचले को रंगे हाथ पकड़कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की.**

डीसीपी जोन 4 सुनील मेहता ने बताया कि सराफा और महिला थाने की टीम को इस संबंध में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे. इस पर देर रात थाना सराफा क्षेत्र में राजवाड़ा के आसपास महिला पुलिसकर्मियों को सादा वर्दी में तैनात कर स्टिंग ऑपरेशन चलाया गया. देर रात गश्त के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा महिला पुलिसकर्मियों पर अशोभनीय टिप्पणियां कर दीं. इस दौरान टीम ने मौके पर ही एक मनचले को पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर दी. इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि शहर में महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिल सके और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके.



## एक नजर में

### महू के यात्रियों की बस और ट्रक की टक्कर, 6 घायल

**महू.** कालोनाइजर, बिल्डर्स डेवलपर्स परिवार द्वारा वृंदावन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने के लिए निकले यात्रियों की बस की मथुरा-वृंदावन मार्ग पर ट्रक से भिड़ंत हो गई. हादसे में बस सवार करीब आधा दर्जन यात्रियों को चोटें आईं. मिली जानकारी के अनुसार, ओम, राकेश, डॉ. शैलेश और जयंत अग्रवाल के आयोजन में शामिल होने सोमवार को महू से करीब 150 यात्रियों का जत्था ट्रेन से मथुरा पहुंचा था. वहां से तीन लक्जरी बसों में यह यात्री वृंदावन जा रहे थे कि रास्ते में एक बस की ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई. गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया. सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं.

### मामूली विवाद में रूममेट ने ही ले ली युवक की जान

**महू.** मांडल थाना क्षेत्र के संतोकपुरा गांव में एक ही कमरे में किराए से रह रहे दो लोगों के बीच आधी रात को हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने अपने ही रूममेट पर जानलेवा हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया. मृतक की पहचान हितेश उर्फ गोलू माहेश्वरी (48) निवासी महू के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी अंकित निवासी रतलाम वारदात के बाद से फरार है. दोनों को साथ रहते महज दस दिन ही हुए थे. थाना प्रभारी रोहिताश यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रविवार देर रात दोनों ने साथ बैठकर शराब पी और खाना खाया. रात 12 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. इसमें अंकित ने हितेश पर हमला कर दिया. शोर-शराबा सुनकर मकान मालिक का पुत्र मौके पर पहुंचा तो उसने हितेश को गंभीर हालत में देखकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई. पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है.



### घर में घुसकर महिला के अपहरण का प्रयास

**इंदौर.** किशनगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के घर में घुसकर बदमाश द्वारा अपहरण का प्रयास करने और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है. विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया. 30 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने क्षेत्र के ही आरोपी मोंटी, निवासी तांगा खान के खिलाफ मामला दर्ज किया है, घटना के समय महिला अपने घर में अकेली थी, तभी आरोपी जबरन घर में घुस गया. आरोप है कि घर में घुसते ही आरोपी ने महिला को पकड़ लिया और उसे जबरन खींचते हुए अपहरण करने की कोशिश करने लगा. घबराई महिला ने शोर मचाया तो आरोपी बौखला गया और उसके साथ मारपीट करने लगा. मारपीट के दौरान आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकत भी की. शोर सुनकर आसपास के लोगों के आने की आहट मिलते ही आरोपी मौके से भाग निकला, लेकिन जाते-जाते महिला को धमकी दी कि यदि उसने किसी को बताया या पुलिस में शिकायत की तो उसे जान से खत्म कर देगा. किशनगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

### पानी भरने गई नाबालिग का पीछा कर की छेड़छाड़

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ और उसका पीछा करने का मामला सामने आया है. विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता के पिता को जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दीपक कुमावत और रोशन कुमावत के खिलाफ केस दर्ज किया है. मुख्य आरोपी दीपक लंबे समय से नाबालिग का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था और जबरन बातचीत करने का प्रयास करता था. आरोप है कि आरोपी मोहल्ले की अन्य नाबालिग बच्चियों के साथ भी छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था. हाल ही में दोनों आरोपियों ने घर के बाहर पानी भरने के दौरान बच्ची को रोककर गाली-गलौज की. डरी हुई बच्ची ने घटना की जानकारी परिजनों को दी. इसके बाद जब पिता आरोपियों को समझाने पहुंचे तो उनके साथ अभद्रता करते हुए आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

# सराफा चौपाटी पर बवाल, हाथ धोने की बात पर दो पक्षों में मारपीट

- पुलिस ने कुछ युवकों को लिया हिरासत में

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सराफा चौपाटी पर सोमवार देर रात मामूली बात पर बड़ा बवाल हो गया. हाथ धोने के दौरान पानी के छींटे खाने की सामग्री पर गिरने से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया. पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर कुछ युवकों को हिरासत में लिया है.**

सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि कुछ युवक देर रात चौपाटी पर खाने-पीने के लिए पहुंचे थे. इसी दौरान एक दुकान पर हाथ धोने के बाद युवक ने हाथ झटके, जिससे पानी के छींटे दुकानदार के खाने के सामान पर गिर गए. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गई. चौपाटी पर सरेआम लात-घूंसे चलने लगे, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को पकड़कर थाने ले आई. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. एडिशनल डीसीपी प्रियंका डुडवे ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, फिलहाल जांच जारी है.

# पुलिस जनसुनवाई : 92 शिकायतें आईं, मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश

- पुलिस कमिश्नर ने हर पीड़ित की सुनी बात
- पारिवारिक विवाद और फाइनेंशियल फ्रॉड के मामले सबसे ज्यादा

**इंदौर. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन का भरोसा साफ नजर आया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने 92 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए.**

पुलिस कमिश्नर कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं, जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, आपसी मतभेद, पैसों के लेन-देन, फाइनेंशियल फ्रॉड, प्लॉट-मकान व जमीन संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध और पुलिस कार्रवाई से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं. पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना. कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए, वहीं कुछ मामलों में फोन पर संबंधित अधिकारियों से बात कर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा.



### शिकायत का निष्पक्ष और समय पर निराकरण के निर्देश भी दिए

पुलिस कमिश्नर ने साफ निर्देश दिए कि हर शिकायत का निष्पक्ष और समय पर निराकरण किया जाए, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके. जनसुनवाई के दौरान सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने भी आवेदकों की समस्याएं विस्तार से सुनीं और कई मामलों में तुरंत प्रक्रिया शुरू करवाई. इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने आमजन को भरोसा दिलाया कि इंदौर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. साथ ही बताया कि मध्यस्थता केंद्रों के जरिए पारिवारिक और आपसी विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने के प्रयास लगातार जारी हैं, जिससे मामलों का शांतिपूर्ण और जल्दी समाधान हो सके.

# 2 घंटे में ढूंढ लिया दिल्ली के व्यापारी का 3 लाख रुपए से भरा गुम बैग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रावजी बाजार पुलिस ने महज दो घंटे में 3 लाख रुपए और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा गुम बैग ढूंढकर दिल्ली के एक व्यापारी को सौंप दिया. बैग वापस मिलने पर व्यापारी ने पुलिस की सराहना की.**

दिल्ली निवासी सेनेटरी व्यापारी राहुल मित्तल व्यापारिक भुगतान लेने इंदौर आए थे. सियागंज से कलेक्शन के बाद वे ई-रिक्शा से सिंधी कॉलोनी जा रहे थे, इसी दौरान उनका बैग रास्ते में गिर गया. सिंधी कॉलोनी पहुंचने पर बैग गुम होने का पता चला. उन्होंने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी उमेश यादव के नेतृत्व में टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की. रास्ते के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी मदद से कुछ ही घंटों में बैग का पता लगा लिया गया. पुलिस ने बैग में रखे करीब 3 लाख रुपए और जरूरी दस्तावेज सुरक्षित हालत में व्यापारी को लौटा दिए. कार्रवाई में उप निरीक्षक ललिता डावर सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही.



## 6 लाख रुपए कीमत की अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**इंदौर.** नारकोटिक्स विंग ने 6 लाख रुपए कीमत की 6000 अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी कार से सप्लाई करने जा रहे थे. डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि नारकोटिक्स सेल के निरीक्षक राकेश चौधरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि निपानिया अंडरपास के पास दो युवक अवैध मादक पदार्थ लेकर सप्लाई के लिए खड़े हैं. सूचना पर टीम ने मौके पर घेराबंदी कर कार सवार कमल सिंह बुंदेला और सचिन कायत, निवासी चित्रानगर को पकड़ा. तलाशी में आरोपियों के पास से 6000 नग अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है. पुलिस ने दोनों के मोबाइल और कार भी जब्त कर लिए हैं. दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# मोटरसाइकिल निकालने के विवाद में युवक की पिटाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल निकालने की बात पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. आरोपी ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और लात- घूंसे व थप्पड़ों से पीटकर घायल कर दिया, बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया.**

थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि फरियादी प्रीतपाल अहिरवार, निवासी गंगा जी गोया झोपड़पट्टी (ट्रेजर फैंटेसी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात वह मोटरसाइकिल लेकर घर से निकल रहे थे. इसी दौरान पड़ोसी आरोपी रायसिंह ने रास्ता रोककर वाहन यहां से न निकालने को लेकर विवाद शुरू कर दिया. विरोध करने पर आरोपी गालियां देने लगा और देखते ही देखते उसने प्रीतपाल पर हमला कर दिया. आरोपी ने लात, घूंसे व थप्पड़ों से बेरहमी से पिटाई की, जिससे प्रीतपाल के होंठ और कमर में चोटें आईं. शोर सुनकर प्रीतपाल के पिता वीरसिंह और भाई कृष्णपाल मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर उन्हें छुड़ाया. इस दौरान आरोपी ने उन्हें भी धमकाया और कहा कि दोबारा यहां से मोटरसाइकिल निकाली तो जान से खत्म कर देगा. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## कुख्यात बदमाश बल्लू 3 माह के लिए जिलाबदर

**इंदौर.** पुलिस ने कुख्यात अपराधियों के खिलाफ सख्ती बढ़ाते हुए चंदन नगर क्षेत्र के कुख्यात बदमाश विजय उर्फ बल्लू को 3 महीने के लिए जिलाबदर कर दिया है. आदेश के बाद पुलिस ने उसके इलाके में लाउडस्पीकर से मुनादी कर इस कार्रवाई की जानकारी दी. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि आरोपी विजय उर्फ बल्लू निवासी ताप्ती परिसर मल्टी, ग्राम सिंदौड़ा के खिलाफ हत्या का प्रयास, मारपीट, अड़ीबाजी और धमकी जैसे कई मामले दर्ज हैं. लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ते आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए पुलिस ने उसका डोजियर तैयार कर कार्रवाई की. आरोपी को 3 माह के लिए जिलाबदर किया गया है. इसके तहत आरोपी का इंदौर के साथ-साथ धार, उज्जैन, देवास और खरगोन जिलों की सीमाओं में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.

## एक नजर में

**गंभीर जल संकट से जूझ रहे स्कीम नंबर 134 की मल्टियों में रह रहे विस्थापित परिवार दूर-दूर से पानी लाकर गुजारा करने को मजबूर**

# 4-4 दिन तक पानी नहीं मिल रहा गरीब बस्तियों के विस्थापितों को

**इंदौर.** नगर निगम द्वारा गरीब बस्तियों से विस्थापित कर सरकारी मल्टियों में बसाए गए परिवार बुनियादी सुविधा पानी के लिए मशक्कत कर रहे हैं. स्कीम नंबर 134 की मल्टियों में सैकड़ों परिवार 4-4 दिन तक पानी का इंतजार करने को मजबूर हैं. उन्हें इधर-उधर से दूर-दूर से पानी लाकर गुजारा करना पड़ रहा है. स्टार चौराहा स्थित एमआर-10 के समीप विकास प्राधिकरण की स्कीम नंबर 134 की मल्टियों में रह रहे सैकड़ों परिवार भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं. झुग्गी बस्तियों से यहां शिफ्ट किए गए रहवासियों का आरोप है कि लापरवाही और अव्यवस्था के कारण उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है. मुख्य सड़क पर पानी की बोरिंग लाइन डाली गई है, लेकिन कुछ फ्लैटों में मोटर लगाकर अत्यधिक पानी खींच लेने से पीछे स्थित मल्टी के कई फ्लेटों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता. स्थिति यह है कि एक नल कनेक्शन से 5 से 7 परिवार जुड़े हुए हैं, जिससे पानी की उपलब्धता और कम हो जाती है. रहवासियों के अनुसार उन्हें 4 दिन में एक बार पानी नसीब हो रहा है, जिसके चलते आए दिन विवाद और झगड़े की नौबत बन रही है. लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है. हैरानी की बात यह है कि पानी की भयावह स्थिति के बावजूद निगम का एक भी पानी का टैंकर इस क्षेत्र में नहीं पहुंचता.



### यह बोले रहवासी...



हमारे पास एक नल कनेक्शन है, उसमें 5 परिवार पानी भरते हैं, जिन लोगों ने बोरिंग की लाइन में छेद कर लिया है, वो हमें पानी नहीं देत.- लक्ष्मी बाई मोहबिया



मल्टी क्षेत्र में नर्मदा लाइन नहीं है, 400 फीट दूर बोरिंग लाइन से पानी खींचना पड़ता है, पानी के लिए संघर्ष तो हमेशा की समस्या है, निगम पानी टेंकर भी नहीं पहुंचाता. - चांदनी ठक्कर



यहां रहते हुए चार साल हो गए हैं, कभी क्षेत्र में किसी जिम्मेदार अधिकारी को मल्टी में आते नहीं देखा, ऐसे में पानी की समस्या किसे बताएं. यहां कहो तो झगड़े हो जाएं. - सुनंदा लाखरे



मल्टी में बोरिंग की लाइन डली हुई है, इसके बावजूद अगर किसी को पानी नहीं मिल रहा है, तो मैं खुद मल्टी पहुंचकर वहां जल प्रबंधन देखकर समस्या का निराकरण करूंगा. -पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद